दिनांक–14.06.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- जी–7 आउटरीच षिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने इटली पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।
- प्रदेष में जल गंगा सर्वर्धन अभियान के तहत 212 नदियों पर जल संवर्धन के कार्य जारी।
- अमरवाड़ा उपचुनाव के लिए पूर्व विधायक कमलेष षाह होंगे भाजपा प्रत्याषी।
- प्रदेष के बड़े षहरों में 24 घंटे खुले रहेंगे रेस्टोरेंट और षॉपिंग मॉल।

प्रधानमंत्री – द्विपक्षीय बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जी–7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए इटली के अपुलिया पहुंच गये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के बीच द्विपक्षीय बैठक भी होगी।

प्रधानमंत्री आज इटली में जी–7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। भारत को एक आउटरीच देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस यात्रा से इतर, प्रधानमंत्री मोदी के जी–7 के नेताओं के साथ–साथ आउटरीच देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ द्विपक्षीय बैठकें और चर्चा करने की भी उम्मीद है। जी–7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं।

लोकसभा– अध्यक्ष चुनाव

लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को होगा। अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और इसके बाद दोनों सदनों में उनके अभिभाषण पर चर्चा की जाएगी। राज्यसभा का सत्र 27 जून से शुरू होगा। संसद सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा।

उपचुनाव–अमरवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने कमलेश शाह को प्रत्याशी बनाया है। अमरवाड़ा विधानसभा सीट से विधायक कमलेश शाह लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद रिक्त हुई अमरवाड़ा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी उपचुनाव कार्यक्रम के अनुसार, यहां 10 जुलाई को मतदान होगा, जबकि 13 जुलाई को नतीजे आएंगे। अमरवाड़ा उपचुनाव के लिए 14 जून से नामांकन शुरू हो जाएंगे। नामांकन की आखिरी तारीख 21 जून है। 26 जून नाम वापसी की आखिरी तारीख है।

अटल गृह ज्योति योजना–इंदौर

प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली अटल गृह ज्योति योजना और अटल किसान ज्योति योजना का मालवा और निमाड़ क्षेत्र में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि शासन की इस महती योजना के लिए जारी वित्तीय वर्ष 2024–25 में मालवा–निमाड़ के 46 लाख उपभोक्ताओं के लिए करीब 9350 करोड़ की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। गृह ज्योति योजना और किसान ज्योति योजना में प्रतिमाह औसतन करीब 32 लाख घरेलू उपभोक्ता और करीब 14 लाख कृषक श्रेणी के बिजली उपभोक्ता शामिल है। श्री तोमर ने बताया कि दोनों ही योजनाओं का लाभ लेने वालों में इंदौर जिला सबसे उपर हैं, यहां करीब पौने छः लाख उपभोक्ता नियमित रूप से लाभ ले रहे हैं है। इंदौर के बाद दूसरे स्थान पर धार जिले में साढ़े चार लाख, तीसरे स्थान पर उज्जैन जिले में 4.40 लाख, इसके बाद खरगोन में सवा चार लाख, रतलाम में पौने चार लाख, मंदसौर में 3.60 लाख, देवास में साढ़े तीन लाख, खंडवा में तीन लाख, बड़वानी में पौने तीन लाख बिजली उपभोक्ता दोनों ही योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री–रीवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल रीवा में लक्ष्मणबाग में आयोजित जनसंवाद सभा में कहा कि जल संरक्षण का कार्य सतत रूप से चलेगा। पूरे प्रदेश में "जल–गंगा संवर्धन अभियान" के तहत 212 नदियों में 3676 करोड़ रुपए के साफ–सफाई और जल संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। इनमें अब तक 18 लाख से अधिक लोगों ने श्रमदान करके अपनी भागीदारी निभाई है। उन्होंने कहा कि गौ–शाला की गायों के लिए आहार की राशि 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए कर दी गई है। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में उपयुक्त स्थान पर बड़ी गौ–शालाओं का निर्माण किया जाएगा जिनमें एक साथ हजारों गौवंश को आश्रय मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान कार्डधारी गरीबों के लिए एयर एंबुलेंस की निःशुल्क सुविधा शुरू की गई है। इसमें जीवन रक्षक उपकरणों के साथ डॉक्टर तैनात रहेंगे। चित्रकूट, उज्जैन, ओंकारेश्वर तथा अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को हेलीकाप्टर सेवा के माध्यम से जोड़ा जाएगा। जल्दी ही रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण होगा और बड़े विमानों से आवागमन की सुविधा मिलेगी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 70 करोड़ 91 लाख रुपए के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया।

सीएम राइज स्कूल–प्रदेष

प्रदेश के दो सीएम राइज़ स्कूलों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 10 स्कूलों में चुना गया है। अंतर्राष्ट्रीय संस्थाए ''टी–4 एज्युकेशन'' द्वार घोषित परिणामों के अनुसार सीएम राइज विनोबा स्कूल, रतलाम को 'इनोवेशन' श्रेणी में तथा सीएम राइज मॉडल उच्चतर माध्यमिक स्कूल, झाबुआ को 'सपोर्टिंग हेल्दी लाइफ्स' श्रेणी में चयनित किया गया है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में प्रदेश के 2 सीएम राइज़ स्कूलों के चयन पर प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने इन स्कूलों के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ ही विभाग की समूची टीम को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि टी4 एजुकेशन एक वैश्विक मंच है जो 100 से अधिक देशों के 2,00,000 से अधिक शिक्षकों के समुदाय को नवाचारी प्रक्रियाओं और शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रोत्साहित करता है। टी–4 संस्था प्रतिवर्ष 4

अलग–अलग श्रेणियों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 10–10 स्कूलों का चयन करती है। जिनका विवरण संस्था के वेब प्लेटफार्म पर प्रदर्शित किया जाता है। उक्त विवरण के आधार पर वोटिंग के पश्चात सर्वश्रेष्ठ 3–3 स्कूलों को वर्ल्ड बेस्ट स्कूल का पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

खेल पुरस्कार

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश खेल पुरस्कार–2024 अंतर्गत एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाइफ–टाइम एचीवमेंट पुरस्कार के लिये ऑनलाइन आवेदन 15 जून से 31 जुलाई, 2024 तक आमंत्रित किये जा रहे हैं। खेल और युवा कल्याण के नवीन "पुरस्कार नियम–2021'' के अनुसार विगत 5 वर्षों में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। पुरस्कार के लिये पात्रता, पुरस्कार राशि एवं अन्य शर्तें विभागीय वेबसाइट ीजजचः//केलूउच.हवअ.पद/ पर उपलब्ध हैं।

जल गंगा संवर्धन

प्रदेश के साथ खण्डवा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से 16 जून तक संचालित हो रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि ग्राम पंचायत पिपल्या फुल, ग्राम सिवना, ग्राम पंचायत रामपुरी, ग्राम पंचायत अम्बपाट में नाला गहरीकरण का कार्य किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत डुल्हार, सैयदपुर, देवल्दी, में नाला विस्तारीकरण का कार्य कराया गया। इसी तरह रीवा जिले के विकासखण्ड त्योंथर के ग्राम पंचायत छदहना में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर परिषद हनुमना में भी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक चार स्थित तालाब की साफ–सफाई का अभियान चलाया गया।

मॉल, रेस्टोरेंट, 24 घंटे खुलेंगे

प्रदेश के बड़े शहरों में मॉल, रेस्टोरेंट, आईटी सेक्टर, मुख्य बाजार और बिजनेस सेंटर अब 24 घंटे, सातों दिन खुले रहेंगे। नगर निगम और औद्योगिक क्षेत्रों में यह सुविधा मिलेगी। इसे लेकर राज्य सरकार ने श्रम विभाग के प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। इसका नोटिफिकेशन एक–दो दिन में जारी होने की संभावना है। इसके बाद से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। इस व्यवस्था के प्रभावी होने के बाद मध्यप्रदेश ऐसा करने वाला देश का सातवां राज्य बन जाएगा, जहां 24 घंटे सातों दिन बाजार खुले रहते हैं। इसके पहले महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और तेलंगाना में मॉल, रेस्टारेंट, आईटी सेक्टर, मेन मार्केट, बिजनेस सेंटर 24 घंटे खुल रखे जाते हैं। जिन नगर निगमों में यह व्यवस्था लागू होने जा रही है, उसमें इंदौर के बीआरटीएस एरिया में यह पहले से लागू है। अब पूरे इंदौर में इसे लागू किया जाएगा। इसके अलावा भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, रीवा, छिंदवाड़ा, रतलाम, उज्जैन, सतना, सिंगरौली, कटनी, खंडवा, बुरहानपुर, देवास, मुरैना में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- आईसीसी टी20 विश्व कप क्रिकेट में इंग्लैंड ने ओमान को आठ विकेट से और बांग्लादेष ने नीदरलेंड को 25 रन से हरा दिया है। आज अमेरीका और आयरलेंड के बीच महत्वपूर्ण मुकाबला होगा।

- आगरमालवा के अपर जिला दण्डाधिकारी ने आगामी त्यौहार के दौरान जिले में कानून, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु संबंधित विभागों के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किये है।
- मन्दसौर के जिला चिकित्सालय में अत्याधुनिक डिजिटल रेडियोग्राफी मशीन लगाई गई है, जो कि पूर्णतः कंप्यूटराइज्ड मशीन है, जिसमें मरीजों को कम समय में सरल, सुगम उत्कृष्ट गुणवत्ता की जांच मिलेगी।
- खण्डवा जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सीनियर, जूनियर, महाविद्यालयीन, अनुसूचित जाति, जनजातीय छात्रावास, आश्रमों में छात्र–छात्राओं हेतु वर्ष 2024–25 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।
- रायसेन के ग्राम सुरई जंगल में वन विभाग ने बाघ का रेस्क्यू किया है। पिछले 10 दिनों से वन विभाग की टीम बाघ का रेस्क्यू करने में जुटी हुई थी। डीएफओ ने बताया कि बाघ को अब सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में छोड़ा जाएगा।
- शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन ने पेयजल संकट को लेकर कलेक्टर कार्यालय में एक बैठक ली। इसमें टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाये जाने के निर्देश दिए गए।

———————————————

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

### (1) उपचुनाव-अमरवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने कमलेश शाह को प्रत्याशी बनाया है। अमरवाड़ा विधानसभा सीट से विधायक कमलेश शाह लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद रिक्त हुई अमरवाड़ा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी उपचुनाव कार्यक्रम के अनुसार, यहां 10 जुलाई को मतदान होगा, जबकि 13 जुलाई को नतीजे आएंगे। अमरवाड़ा उपचुनाव के लिए 14 जून से नामांकन शुरू हो जाएंगे। नामांकन की आखिरी तारीख 21 जून है। 26 जून नाम वापसी की आखिरी तारीख है।

### (2) सीएम राइज स्कूल-प्रदेश

प्रदेश के दो सीएम राइज़ स्कूलों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 10 स्कूलों में चुना गया है। अंतर्राष्ट्रीय संस्थाए "टी-4 एज्युकेशन" द्वार घोषित परिणामों के अनुसार सीएम राइज विनोबा स्कूल, रतलाम को 'इनोवेशन' श्रेणी में तथा सीएम राइज मॉडल उच्चतर माध्यमिक स्कूल, झाबुआ को 'सपोर्टिंग हेल्दी लाइफ्स' श्रेणी में चयनित किया गया है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में प्रदेश के 2 सीएम राइज़ स्कूलों के चयन पर प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने इन स्कूलों के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ ही विभाग की समूची टीम को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि टी4 एजुकेशन एक वैश्विक मंच है जो

100 से अधिक देशों के 2,00,000 से अधिक शिक्षकों के समुदाय को नवाचारी प्रक्रियाओं और शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रोत्साहित करता है। टी-4 संस्था प्रतिवर्ष 4 अलग-अलग श्रेणियों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 10-10 स्कूलों का चयन करती है। जिनका विवरण संस्था के वेब प्लेटफार्म पर प्रदर्शित किया जाता है। उक्त विवरण के आधार पर वोटिंग के पश्चात सर्वश्रेष्ठ 3-3 स्कूलों को वर्ल्ड बेस्ट स्कूल का पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

(3) मुख्यमंत्री-रीवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल रीवा में लक्ष्मणबाग में आयोजित जनसंवाद सभा में कहा कि जल संरक्षण का कार्य सतत रूप से चलेगा। पूरे प्रदेश में "जल-गंगा संवर्धन अभियान" के तहत 212 नदियों में 3676 करोड़ रुपए के साफ-सफाई और जल संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। इनमें अब तक 18 लाख से अधिक लोगों ने श्रमदान करके अपनी भागीदारी निभाई है। उन्होंने कहा कि गौ-शाला की गायों के लिए आहार की राशि 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए कर दी गई है। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में उपयुक्त स्थान पर बड़ी गौ-शालाओं का निर्माण किया जाएगा जिनमें एक साथ हजारों गौवंश को आश्रय मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान कार्डधारी गरीबों के लिए एयर एंबुलेंस की निःशुल्क सुविधा शुरू की गई है। इसमें जीवन रक्षक उपकरणों के साथ डॉक्टर तैनात रहेंगे। चित्रकूट, उज्जैन, ओंकारेश्वर तथा अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को हेलीकाप्टर सेवा के माध्यम से जोड़ा जाएगा। जल्दी ही रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण होगा और बड़े विमानों से आवागमन की सुविधा मिलेगी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 70 करोड़ 91 लाख रुपए के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया।

(4) अटल गृह ज्योति योजना-इंदौर

प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली अटल गृह ज्योति योजना और अटल किसान ज्योति योजना का मालवा और निमाड़ क्षेत्र में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि शासन की इस महती योजना के लिए जारी वित्तीय वर्ष 2024-25 में मालवा-निमाड़ के 46 लाख उपभोक्ताओं के लिए करीब 9350 करोड़ की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। गृह ज्योति योजना और किसान ज्योति योजना में प्रतिमाह औसतन करीब 32

लाख घरेलू उपभोक्ता और करीब 14 लाख कृषक श्रेणी के बिजली उपभोक्ता शामिल है। श्री तोमर ने बताया कि दोनों ही योजनाओं का लाभ लेने वालों में इंदौर जिला सबसे उपर हैं, यहां करीब पौने छः लाख उपभोक्ता नियमित रूप से लाभ ले रहे हैं है। इंदौर के बाद दूसरे स्थान पर धार जिले में साढ़े चार लाख, तीसरे स्थान पर उज्जैन जिले में 4.40 लाख, इसके बाद खरगोन में सवा चार लाख, रतलाम में पौने चार लाख, मंदसौर में 3.60 लाख, देवास में साढ़े तीन लाख, खं□वा में तीन लाख, बड़वानी में पौने तीन लाख बिजली उपभोक्ता दोनों ही योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

----------------------------